Punjab Kesari, Delhi 23 जून 2022, गुरुवार

# रैड क्रॉस के इतिहास की फिल्म स्वयंसेवकों को दिखाई

- जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस शिविर में स्वयंसेवकों ने सीखा सी.पी.आर



अग्रवाल कालेज में रेडक्रास शिविर में स्वयंसेवकों को सीपीआर की जानकारी देते हुए सदस्य।

बल्लभगढ़, नितिन बंसल (पंजाब केसरी)। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में पांच दिवसीय जिला स्तरीय शिविर जो भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी,हरियाणा शाखा चंडीगढ़ व फरीदाबाद रेड क्रॉस सोसाइटी के के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेड क्रॉस इकाइयों द्वारा चलाया जा रहा है के आज दूसरे दिन रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य व प्रशिक्षक रतन सिंह आजाद ने स्वयंसेवकों को सी.पी.आर, पट्टियों के प्रकार व फ्रैक्चर आने पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में स्वयंसेवकों को सिखाया। वहीं शिविर संयोजक डॉ. जयपाल सिंह जी ने शिविर की शुरुआत में स्वयंसेवकों को रेडक्रॉस के इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारी दी व रैड क्रॉस के इतिहास की एक फिल्म भी स्वयंसेवकों को दिखाईद्य वहीं महाविद्यालय के पर्यावरण प्रवक्ता व महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई 3 के काउंसलर लवकेश ने जल संरक्षण जैसे विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।